# विद्युत चलित चाक वितरण के लिए दस्तकारों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। शिल्प एवं माटी कला बोर्ड द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री उन्नत औजार योजना' के तहत विद्युत चलित चाक वितरण के लिए दस्तकारों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को शुरू हुआ।

कुम्हारों का मोहल्ला स्थित प्रजापति सामुदायिक भवन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला थे। अध्यक्षता शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष डूंगर राम गेदर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में केश कला बोर्ड के अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत मौजूद थे। शिल्प एवं माटी कला बोर्ड और लाल बहादुर शिक्षा समिति की ओर से 40 दस्तकारों यह प्रशिक्षण दिया जायेगा। इस अवसर पर डॉ. कल्ला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में यह प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षणार्थी पूर्ण गंभीरता से प्रशिक्षण में भाग लें और स्वावलम्बी बनने के लिए इसका उपयोग करें।

शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष गेदर ने बताया कि मुख्यमंत्री की निरोगी राजस्थान की परिकल्पना में मिट्टी के बर्तन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। गेदर ने इस बजट में घोषित विश्वकर्मा कामगार कल्याण योजना के तहत कुम्हार मोहल्ले के दस्तकारों को 100 टूल किट वितरित करने की घोषणा की।

उन्होंने बताया कि बोर्ड के प्रमाणित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विद्युत चालित चाक पर कार्य करने की पद्धति, मिट्टी के उत्पाद पकाने की भट्टी बनाने एवं इन पर कलात्मकता का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इससे दस्तकारों की आय में वृद्धि होगी।

केश कला बोर्ड के अध्यक्ष गहलोत ने दस्तकारों से समय के साथ बदलाव के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि दस्तकारों को पारंपरिक मिट्टी कला में आधुनिक मशीनों का समावेश करना जरूरी है। शिल्प एवं माटी कला बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चम्पालाल कुमावत ने बताया कि शिविर शिल्प एवं माटी कला बोर्ड द्वारा लाल बहादुर शिक्षा समिति के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री उन्नत औजार योजना के तहत बीपीएल कार्डधारी एवं अंत्योदय कार्डधारी दस्तकारों को निःशुल्क एवं अन्य सभी दस्तकारों को 90 प्रतिशत रियायत पर शिल्प एवं माटी कला बोर्ड द्वारा विद्युत चालित चाक उपलब्ध कराए जायेंगे।



शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला व शिल्प व माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष डूंगरराम गेदर व केशकला बोर्ड के अध्यक्ष महेन्द्र गहलोत ने विद्युत चलित चाक प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।

- **शिल्प एवं माटी कला बोर्ड और लाल बहादुर शिक्षा समिति की ओर से 40 दस्तकारों यह प्रशिक्षण दिया जायेगा**
- **मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विद्युत चालित चाक पर कार्य करने की पद्धति, मिट्टी के उत्पाद पकाने का प्रशिक्षण दिया जायेगा**

प्रशिक्षण के दौरान सभी दस्तकारों के आर्टिजन कार्ड भी बनाए जायेंगे। इससे सभी दस्तकार राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। विद्युत चालित चाक पर कार्य करने की पद्धति का मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मिट्टी के विभिन्न उत्पाद बनाकर दिखाए गए। कार्यक्रम के पूर्व पार्षद हजारीराम देवडा, सामाजिक कार्यकर्ता बद्रीराम जहाजपुरा एवं राजस्थान खादी बोर्ड के संभागीय अधिकारी मदन स्वामी सहित कुम्हार दस्तकार मौजूद थे।

## साहित्यकार रंगा को शब्दांजलि दी

**बीकानेर,** (कासं)। देश के ख्यातनाम साहित्यकार, रंगकर्मी लक्ष्मीनारायण रंगा के निधन पर साहित्यकार, जनप्रतिनिधि एवं अनेक संगठनों ने रंगा को शब्दांजलि अर्पित की।

उनके प्रति अपनी आत्मिक संवेदना व्यक्त करने वालों में डॉ नन्दकिशोर आचार्य, भवानी शंकर व्यास, विनोद, सरल विशारद, शिवराज छंगाणी, श्याम महर्षि, मधु आचार्य, श्याम सुन्दर भारती, डॉ चंचला पाठक, डॉ मेघराज शर्मा, डॉ मदन सैनी, डॉ गजेसिंह राजपुरोहित, ओम नागर, डॉ भरत ओळा, डॉ मंगत बादल, डॉ बृजरतन जोशी, डॉ उमाकांत गुप्त, डॉ सुखदेव राव, डॉ शीला व्यास, डॉ भंवर भादाणी, डॉ राहुल हर्ष, डॉ जी.सी जैन, डॉ अभिषेक व्यास, डॉ राकेश रावत, डॉ राहुल व्यास, के.एल बोथरा, एडवोकेट सुरेन्द्र शर्मा, महावीर सांखला, आनन्द गौड़, राजेश गुप्ता, डी.डी. पारीक, डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, हेम शर्मा, अनुराग हर्ष, रवि पुरोहित, मोनिका गौड़, डॉ नीतिन गोयल, डॉ. मनमोहन यादव, प्रमोद शर्मा, शिवराज भारती, दीनदयाल शर्मा, सागर सिद्दकी, शांति प्रसाद बिस्सा, असद अली, डॉ जिया उल, रोशन चावला, अशोक माथुर, पवन पहाड़िया, लक्ष्मण दान कविया, मोहन चौधरी, डॉ अजय जोशी, श्याम सहारण, सुरेश सोनी, रामेश्वर शर्मा, डॉ गौरीशंकर, राकेश चांवला, अविनाश व्यास, वाजिद काजी, मधुरिमा सिंह, मोहन थानवी, ओम भाटिया, राजेन्द्र स्वर्णकार आदि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### छात्रों को पुलिस कार्यप्रणाली बताई



नोखा में स्कूली विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

**नोखा,** (निसं)। गृह विभाग राजस्थान सरकार व पुलिस मुख्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को एक जिम्मेवार नागरिक बनाने, शांति व नागरिक सुरक्षा के लिए पुलिस और छात्रों के बीच मित्रवत संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से चलाई गई पुलिस कैडेट योजना के तहत पुलिस अधीक्षक जिला बीकानेर तेजस्वनी गौतम के निर्देशन, अति.पुलिस अधीक्षक शहर बीकानेर हरिशंकर, अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुनिल कुमार व वृताधिकारी नोखा भवानी सिंह इंदा के सुपरविजन में नोखा थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद द्वारा 18 मार्च को दो विद्यालयों बाबा छोटूनाथ रा. उ. मा. वि. जसरासर व रा. उ. मा. वि. बिलनियासर के विद्यार्थियों को पुलिस थाना नोखा का भ्रमण करवाया गया। थानाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों से संवाद कर विद्यार्थियों को पुलिस थाना की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया गया। विद्यार्थियों को कन्या भ्रूण, बाल विवाह, दहेज प्रथा, बाल मजदूरी जैसी सामाजिक बुराईयों के प्रति जागरूकता लाने, यातायात नियमों की पालना करने, साईबर अपराधों के बारे में जानकारी जानकारी दी गई।

### सामुदायिक हॉल का शिलान्यास




शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने पुष्करणा भवन में सामुदायिक हॉल व रसोई निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने पुष्करणा भवन में विधायक निधि से बनाए जाने वाले सामुदायिक हॉल और रसोई निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास किया। इन कार्यों पर बीस लाख रूपए खर्च होंगे। इस अवसर पर डॉ. कल्ला ने कहा कि यह सामाजिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण स्थान है। इसके विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जायेगी तथा आवश्यकता के अनुसार और राशि स्वीकृत की जायेगी। उन्होंने कहा कि पुष्करणा ब्राह्मण समाज के युवा प्रशासनिक परीक्षाओं में सफल हों, इसके मद्देनजर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की विशेष कक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि इनका आयोजन पुष्करणा भवन में किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस स्थान का अधिकतम उपयोग समाज के हित में हो, इसकी योजना बनाई जाए। पूर्व सरपंच रामकिशन आचार्य ने भवन के विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में नू महाराज, एडवोकेट ओम भादाणी, अनिल कल्ला, महेश व्यास, पुष्करणा भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष श्याम देराश्री, सचिव राकेश कल्ला, सुशील ओझा, शिवकुमार बिस्सा, मदनगोपाल, पार्षद दुर्गादास छंगाणी, अधिशाषी अभियंता नरेश जोशी, कुंदन व्यास, कमल कल्ला, केशव पुरोहित, श्रवण कुमार पुरोहित और विजय कुमार हर्ष सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### 8 सौ केन्द्रों पर साक्षरता परीक्षा आज



साक्षरता परीक्षा को तैयारी को लेकर जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी हेतराम सारण ने जायजा लिया।

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के 17 हजार से अधिक निरक्षर रविवार को करीब आठ सौ परीक्षा केन्द्रों पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक एसेसमेंट टेस्ट देंगे। सेंट्रल जेल बीकानेर एवं उप जेल नोखा से भी 80 से अधिक कैदी इस परीक्षा में शामिल होंगे। जिला साक्षरता एवं सतत शिक्षा अधिकारी हेतराम सारण ने शनिवार को सेन्ट्रल जेल सहित जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। सारण ने बताया कि जिले के सभी 9 ब्लॉक के करीब आठ सौ परीक्षा केन्द्रों पर रविवार को बुनियादी साक्षरता परीक्षा का आयोजन प्रातः10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अधिकारियों द्वारा यू डायस में पंजीकृत विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

# सूने घर व दुकान से लाखों के जेवर व नकदी चोरी

- **मकान मालिक शादी समारोह में चूरू के आबसर गांव गया था**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। नयाशहर थाना क्षेत्र में तो हर रोज चोरी का रिकॉर्ड बनता जा रहा है। पिछले दिनों मुरलीधर व्यास नगर में हुई चोरी का अब तक राज नहीं खुला कि रामपुरा बस्ती से फिर चोरी हो गई है। यहां एक घर व उसी घर में बनी दुकान पर चोरों ने हाथ साफ किया। सोने चांदी के जेवरात के साथ दुकान से नगद रूपए भी चोर ले गये। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

दरअसल रामपुरा बस्ती में रहने वाले प्रभुदयाल स्वामी ने नयाशहर थाने में एफआईआर दी है कि 12 से 16 मार्च तक वो विवाह समारोह में शामिल होने के लिए चूरू के सुजानगढ़ में आबसर गांव गया हुआ था।

वापस आने पर पता चला कि चोरों ने घर में घुसकर चोरी की है। न सिर्फ घर में बल्कि घर के आगे बनी महावीर जनरल स्टोर से भी सामान व नगदी चोरी हुई है। चोर सोने-चांदी के जेवरात के साथ नगद रूपए भी ले गए। इनकी कीमत लाखों रूपये बताई जा रही है।

चोर ने 12 से 16 मार्च के बीच ही यहां पर वारदात को अंजाम दिया है। काफी देर तक रुककर घर की अलमारियां तोड़कर सोने-चांदी के जेवर निकाले हैं। दुकान के काउंटर में रखे रुपए भी चोरी कर ले गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**हुक्का बार पर मारा छापा :** श्रीगंगानगर में हुक्का बार पर छापा मारकर बीती रात को पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक आरोपी हुक्का बार चला रहा था और चार लोग हुक्का पीते मिले। हुक्का बार से स्मोकिंग से जुड़े सामान को बरामद किया गया है। हुक्का बार के आस-पास के लोगों को यहां की एक्टिविटी पर शक था। शिकायत मिलने पर पुलिस ने शिकायत की। मामला श्रीगंगानगर के पुरानी आबादी थाना इलाके का है।

पुलिस मौके पर पहुंची तो हुक्का बार संचालक और हुक्का पी रहे लोगों ने भागने की कोशिश की लेकिन उन्हें धर दबोचा गया। मौके से आरोपी हुक्का बार चलाने वाले तीन पुली के पास वसंत विहार कॉलोनी निवासी राहुल सोनी (19 ) पुत्र विनोद कुमार सोनी को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही गांधी बस्ती के साहिल खुराना (18 ) पुत्र विजय खुराना, साहिल डालिया (18 ) पुत्र बलराज डालिया, यश पांडेय (19 ) पुत्र अरविंद और सुमित (20) पुत्र चंद्रसहाय को गिरफ्तार किया गया। मौके से स्मोकिंग में उपयोग होने वाली सामग्री भी बरामद की गई है।

## नशा मुक्ति शिविर आज लगेगा

**बीकानेर,** (कासं)। मिशन रोशनी (नशा मुक्ति महा अभियान) के तहत रविवार को सुबह ग्यारह बजे से दोपहर दो बजे तक जयनारायण व्यास कॉलोनी के आई.टी.आई. सर्किल सेक्टर नं. एक में स्थित वरदान अस्पताल में निःशुल्क नशा मुक्ति शिविर आयोजित किया गया।

शिविर संयोजक मनोचिकित्सक डॉ. सिद्धार्थ असवाल ने अपनी टीम के साथ शनिवार को वृद्ध आश्रम सहित अनेक स्थानों पर जन सम्पर्क किया तथा रोगियों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया। सोफिया स्कूल के पास स्थित शांति निवास वृद्ध आश्रम में प्रभारी सिस्टर मैरिन एस.डी. के आग्रह पर वृद्ध महिलाओं व पुरुषों के विभिन्न मानसिक रोगों की जांच कर उन्हें दवा व परामर्श दिया।

रविवार को आयोजित होने वाले शिविर में डोडा पोस्त, अफीम, शराब, गांजा, स्मेक, एम. डी., चिट्टा, कॉरिक्स, फोर्टवीन, एल्प्राजोलम, फीनरगन, इंजेक्शन, बीडी., सिगरेट, तम्बाकू का नशा बिना भर्ती हुए आसानी से छुड़ाने का परामर्श दिया जायेगा।

# आंधी व बारिश से पकी व कटी फसलों को नुकसान

- **40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली आंधी के कारण गेहूं व जौ की फसलें खेतों में बिछ गई**
- **खलिहानों में कटी सरसों की फसल भी दूर-दूर तक बिखर गई**

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले में बीती रात 40 से 50 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चली आंधी के कारण गेहूं व जौ की फसलें खेतों में बिछ गई। साथ ही काटकर खलिहानों में रखी सरसों की फसल भी दूर-दूर तक बिखर गई।

क्षेत्र में बीती रात 11:30 बजे एकाएक आंधी चलनी शुरू हो गई। इस कारण बिजली गुल हो गई। रात एक बजे तक आंधी रूकने के बाद अलग-अलग क्षेत्रों में हल्की बारिश भी हुई। जयपुर के मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 18 मार्च को मेघ गर्जन के साथ बारिश, तेज हवाएं व ओलावृष्टि की गतिविधियां बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, उदयपुर संभाग के कुछ भागों में जारी रहने की प्रबल संभावना है।

19 मार्च को एक और नया पश्चिमी विक्षोभ राज्य के ऊपर प्रभावी होगा और पुनः थंडर स्टॉर्म के साथ बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। इसके असर से 19-20 मार्च को मेघ गर्जन, बारिश, तेज हवाएं व कहीं-कहीं ओलावृष्टि का दौर राज्य के कुछ भागों में जारी रहेगा। जी. आर. मटोरिया संयुक्त निदेशक ने बताया कि क्षेत्र में गेहूं व जौ की फसलें पकाव की स्थिति में है जो आंधी से खेतों में बिछ गई। इससे क्वालिटी व उत्पादन पर असर पड़ेगा। सरसों फसल की कटाई चल रही है। आंधी से काटकर रखी सरसों फसल बिखर गई।

# बालिका स्कूल में नए सत्र से भूगोल संकाय शुरू

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय लक्ष्मीबाई दम्माणी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में अगले शैक्षणिक सत्र से भूगोल संकाय प्रारंभ किया जायेगा। शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने यहां आयोजित कार्यक्रम के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि शाला भवन के रखरखाव और मरम्मत के लिए विधायक निधि से छह लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। स्कूल में टीनशेड और आवश्यकता के अनुसार कक्षा कक्ष बनाने का तखमीना तैयार कर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए तथा कहा कि यह कार्य प्राथमिकता से करवाए जायेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों को संयमित दिनचर्या अपनाने तथा मोबाइल एवं टीवी से दूर रहने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर प्रदेश सरकार द्वारा महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खोले गए हैं। इन विद्यालयों के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद बच्चे उच्च स्तरीय शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने भामाशाहों का सम्मान किया।

महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल की प्राचार्या अमिता शर्मा ने स्वागत उद्बोधन दिया। राजकीय लक्ष्मीबाई दम्मानी स्कूल की प्राचार्या किरण पंचारिया ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया।

कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी (माशि.) सुनील बोड़ा, महेन्द्र कल्ला, समसा के कृष्ण कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर बालिकाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बी. डी. का स्वागत किया गया।

## होली स्नेह मिलन समारोह आज

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर अग्रवाल समाज द्वारा होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रविवार को सायं 7 बजे से अग्रवाल पंचायत भवन गंगाशहर रोड़ पर होगा।

समारोह में प्रथम भगवान अग्रसेन की पूजा- अर्चना के बाद ही समारोह का शुभारंभ किया जायेगा। इस समारोह में भाग लेने के लिए मुंबई, कोलकाता, जयपुर, नागपुर, दिल्ली, अहमदाबाद, पुणे से पधार रहे हैं। अग्रवाल कंदोई संपत्ति ट्रस्ट के महामंत्री भगवान अग्रवाल ने बताया कि इस समारोह में अग्रवाल कंदोई संपत्ति ट्रस्ट, अग्रवाल सभा संस्था, अग्रवाल चेतना समिति, अग्रवाल पंचायत ट्रस्ट एवं हरियाणा सेवा समिति आदि सभी संस्थाएं इस होली स्नेह मिलन समारोह में सम्मिलित होंगे। इस समारोह में समाज की सामाजिक गतिविधियों एवं विकास के बारे में विस्तृत चर्चा होगी एवं प्रीति भोज का आयोजन भी रखा गया है।

# अनूपगढ़ जिले में खाजूवाला-छतरगढ़ जाने की आशंका

- **नए जिलों और संभाग मुख्यालयों की घोषणा से बीकानेर में हलचल तेज हो गई है**
- **खाजूवाला और छतरगढ़ को अनूपगढ़ जिले में और चूरू को सीकर संभाग में शामिल किया जा सकता है**

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश में 19 नए जिले और तीन नए संभाग मुख्यालय बनाने की घोषणा की है। इन दोनों घोषणाओं का सीधा असर बीकानेर पर पड़ सकता है। हालांकि अब तक सरकारी स्तर पर कुछ भी स्पष्ट नहीं है लेकिन माना जा रहा है कि खाजूवाला और छतरगढ़ को अनूपगढ़ जिले में और चूरू को सीकर संभाग में शामिल किया जा सकता है।

नए जिलों और संभाग मुख्यालयों की घोषणा के साथ ही बीकानेर में हलचल तेज हो गई है। दरअसल अनूपगढ़ पहले से बीकानेर लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। अनूपगढ़ और खाजूवाला सटे हुए हैं।

ऐसे में अनूपगढ़ को जिला बनाने के लिए कुछ कस्बों व उपखंड मुख्यालयों को अनूपगढ़ से जोड़ा जा सकता है। ऐसे में अनूपगढ़ से खाजूवाला को जोड़ने की पूरी संभावना है। छतरगढ़ भी खाजूवाला का हिस्सा है। ऐसे में संभव है कि छतरगढ़ को भी अनूपगढ़ जिले से जोड़ा जाए। चूंकि छतरगढ़ बीकानेर से सटा हुआ है। ऐसे में संभव है कि अनूपगढ़ के बजाय इसे बीकानेर से ही जोड़कर रखा जाए। इस बारे में खाजूवाला विधायक गोविन्दराम मेघवाल से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका। बीकानेर संभाग में अभी बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिले आते हैं लेकिन अब अनूपगढ़ जिला भी बीकानेर संभाग का हिस्सा होगा। अगर चूरू को सीकर का हिस्सा बनाया गया तो बीकानेर में अनूपगढ़ जुड़ने के बाद भी चार जिले ही रहे जायेंगे। अगर चूरू अलग नहीं होता तो ये पांच जिले होंगे। इससे पहले श्रीडूंगरगढ़ भी चूरू का हिस्सा था लेकिन श्रीडूंगरगढ़ के लोगों ने लम्बा आंदोलन करके स्वयं को चूरू के बजाय बीकानेर का हिस्सा बनाया था। आज भी श्रीडूंगरगढ़ भी बीकानेर का हिस्सा है।

# फलों एवं सब्जिययों की कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण

**बीकानेर,** (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के बीछवाल स्थित कृषि महाविद्यालय के उद्यान विभाग द्वारा युवा उद्यमियों को स्वरोजगार हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से 'फलों एवं सब्जियों के कटाई उपरान्त प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन' विषय पर शनिवार से 7 दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न भागों से 40 प्रशिक्षणार्थी भाग ले रहे हैं।

उद्यान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. पी. के. यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण कुमार का विजन है कि युवा केवल नौकरी की तलाश में ना रहे अपितु स्वयं उद्यमी बनकर रोजगार प्रदाता बनें। इसी से प्रेरित होकर इस प्रशिक्षण का आयोजन रखा गया है। उद्घाटन सत्र में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अधिष्ठाता डॉ. आई. पी. सिंह ने कहा कि हमारे देश में लगभग 6 से 16 प्रतिशत फल एवं सब्जियां उचित प्रबंधन के अभाव में खराब हो जाती है तथा आज भी स्थानीय स्तर पर उनके प्रसंस्करण की इकाईयां स्थापित नहीं हो पाने के कारण किसानों को उत्पाद का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।



विशिष्ट अतिथि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला डूकवाल ने फलों एवं सब्जियों की कटाई के बाद प्रबंधन एवं मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण को संबोधित किया।

- **देश में लगभग 6 से 16 प्रतिशत फल एवं सब्जियां उचित प्रबंधन के अभाव में खराब हो जाती है**

विशिष्ट अतिथि सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला डूंकवाल ने बताया कि राजस्थान में आंवला, खजूर, बेर, नींबू, किन्नू, संतरा, काचरी, सांगरी, कैर, टमाटर, ग्वारपाठा आदि का उत्पादन होता है परन्तु उनके मूल्य संवर्धन के अभाव में पूरा लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल रहा है।

जबकि उनके बने जैम, जैली, मुरब्बे, कैंडी, स्कवेश आदि की बाजार में मांग हैं अतः युवाओं के लिये इस क्षेत्र में प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार के अच्छे अवसर हैं।

# अनूपगढ़ को जिला बनाने पर लोगों ने जश्न मनाया

**अनूपगढ़,** (कासं)। अनूपगढ़ को जिला बनाने की घोषणा के बाद लोगों ने जश्न मनाया।

क्षेत्र के लोग पिछले 12 वर्षों से अनूपगढ़ को जिला बनाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नए जिलों की घोषणा करते हुए अनूपगढ़ को भी जिला घोषित कर दिया। अनूपगढ़ को जिला घोषित करते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने पटाखे फोड़कर और गुलाल उड़ाकर खुशी मनाई। अनूपगढ़ भारत-पाकिस्तान की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित है और अनूपगढ़ के जिला बनने पर अब यहां विकास की राहें भी खुल गई है। जिले की घोषणा किए जाने पर क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है।

अनूपगढ़ को जिला बनाने के लिए विभिन्न संगठनों के द्वारा प्रयास किए गए। जिसमें अनूपगढ़ जिला बनाओ संघर्ष समिति के प्रयास कभी ना भूलने वाले हैं। 12 वर्षों के बाद मिली जीत के बाद धरना स्थल पर त्योहार जैसा माहौल है। अनूपगढ़ को जिला बनाने में जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा की महत्वपूर्ण भूमिका मानी जा रही है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व जिला प्रमुख कुलदीप इंदौरा जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश बिश्नोई तथा सैकड़ों की संख्या में लोग मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले और जिला बनाने की मांग की गई। सरकार के द्वारा जिले के लिए कमेटी का कार्यकाल 6 माह के बढ़ाने की घोषणा कर दी गई थी मगर कुलदीप इंदौरा सहित कांग्रेस पदाधिकारियों का मानना था कि राजस्थान सरकार के द्वारा अनूपगढ़ को जिला घोषित किया जायेगा। अनूपगढ़ को जिला बनाने के लिए क्षेत्र के लोगों के द्वारा 12 वर्ष तक आंदोलन किया गया। जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरेश विश्नोई ने बताया कि 6 फरवरी 2012 को जिला बनाने की मांग को लेकर धरना शुरू किया गया था।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email - uit_sgnr@yahoo.com
Office Add. - UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक - नियोजन/2023/3837 **विज्ञप्ति** दिनांक - 17-03-2023
सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 17 किला नं. 21 में भूखण्ड माप 1323 वर्गगज का प्राधिकृत अधिकारी (उपखण्डाधिकारी), श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय पट्टा सं. 368 दिनांक 6.10.1988 द्वारा श्री वीर बलराम पुत्र श्री कान्हाराम के नाम से जारी है। श्री पंकज पुत्र श्री नंदलाल द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित भू-उपयोग दर्शाया गया है। आवेदक द्वारा मास्टर प्लान में प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित भू-उपयोग में भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजन हेतु न्यास में आवेदन किया है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजन भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर